हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 9 अप्रैल 2025

11 पर्याप्त मात्रा में पेयजल, बिजली की व्यवस्था के दिए निर्देश...



12 रोडवेज कर्मचारियों ने भूख हड़ताल कर जताया रोष



## खबर संक्षेप

### टोहाना में माइनर में मिला युवती का शव

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव ठरवा में चंदड़ माइनर में एक युवती की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सहारा रेस्क्यू टीम को माइनर में तैरती लाश की सूचना मिली। मृतका की उम्र 18-20 वर्ष के बीच आंकी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना से जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की मौजूदगी में लाश को नहर से बाहर निकाला गया। लाश नग्न अवस्था में थी और उसके सिर व आंखों के बाल झड़े हुए थे।

### रोजगार मेले में 19 छात्रों का हुआ चयन

**फतेहाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन करवाया गया। इस रोजगार मेले में स्वराज इंजन लिमिटेड मोहाली के प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा आईटीआई पासशुद्धा छात्रों का साक्षात्कार लिया। राजकीय आईटीआई भोडिया खेड़ा के प्रधानाचार्य एवं सहायक शिक्षुता सलाहकार रमेश कुमार ने बताया रोजगार मेले में लगभग 34 छात्रों द्वारा भाग लिया गया जिसमें 19 छात्रों को रोजगार हेतू चयनित किया गया।

### पुलिस नाकाबंदी के दौरान डोडा पोस्त सहित एक काबू

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को कचरा डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचार सुंदर सिंह पुत्र हंसराज निवासी भोडिया बिश्नोईयान, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने बताया कि बड़ोपल पुलिस चौकी की टीम एएसआई रघुबीर सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी।

### युवक 10.25 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान बांदरा वाली पुलिया बाइपास रोड सिरसा क्षेत्र से एक युवक को 10 ग्राम 25 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान केलनिया रोड से होते हुए बांदरा वाली पुलिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया। शक के आधार पर उसे काबू किया।

### सीजेएम ने नशा मुक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने नागरिक अस्पताल स्थित नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नशे से पीड़ित व्यक्तियों से बातचीत की और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्राधिकरण द्वारा दी जा रही मुफ्त कानूनी सहायता योजना की भी जानकारी दी।

### शक्करपुरा में खेतों से सैंकड़ों फुट केबल चोरी

**फतेहाबाद।** जिले के जाखल क्षेत्र के गांव शक्करपुरा में चोरों ने अनेक किसानों के खेतों में लगे ट्यूब्वैलों से सैंकड़ों फुट केबल चोरी कर ली। चोरी की इन घटनाओं से किसानों में काफी रोष है। किसानों ने इस बारे जाखल पुलिस को शिकायत दर्ज चोरों की पकडऩे की मांग की है।

1 नवनिर्वाचित पार्षदों ने उठाए सवाल, कहा- पूर्व पार्षद ले रहे श्रेय

2 बैठक में सुरेंद्र कुमार को सिरसा का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया

# नगर परिषद की पहली बैठक में जमकर हंगामा

## 1 बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर भी मचा उपद्रव



नगर परिषद की बैठक में हंगामा करते पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

नगर परिषद हाउस की मंगलवार को पहली बैठक खूब हंगामेदार रही। हंगामे की बीच चेयरमैन शांति स्वरूप ने पार्षद प्रतिनिधियों को बाहर भेज दिया। बैठक में विरोधी पक्ष ने नहीं बल्कि सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों ने जमकर हंगामा किया। नवनिर्वाचित पार्षदों ने बैठक में कड़ा रूख अपनाया तो चेयरमैन नरम रूख अपनाते रहे। बैठक में डबवाली के कार्यकारी अधिकारी सुरेंद्र कुमार उपस्थित थे, उन्हें सिरसा का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। कमेटी की इस बैठक में शहर के विकास को लेकर चिंतन किया जाना था लेकिन बैठक के साथ ही पार्षद प्रतिनिधियों और मीडियाकर्मियों को बैठक से बाहर जाने के लिए कहा गया। जिसके बाद हंगामा हो गया। जिस पर बैठक की गर्मी को ठंडा करते हुए चेयरमैन की ओर कहा गया कि पूर्व पार्षद भी हमारे ही साथी है। जिस पर पार्षदों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने पूर्व पार्षदों के अनुसार ही काम करवाने के लिए कहा। बाद में उन्हें किसी प्रकार शांत किया गया। बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर भी खूब हंगामा हुआ। पार्षदों ने पूछा कि सफाई का किस एजेंसी को ठेका दिया हुआ है।

### स्ट्रीट लाइट अलॉटमेंट पर रोष

पार्षदों और पार्षद प्रतिनिधियों के कड़े रूख के बाद चेयरमैन को नरम रूख पड़ा, जिसके बाद मीडिया कर्मियों को भीतर रहने की रजामंदी जाहिर की गई लेकिन पार्षद प्रतिनिधियों को बाहर भेज दिया गया। पार्षद प्रतिनिधियों ने चेयरमैन के साथ आए बाऊंसर व बाहरी लोगों को भी बैठक से बाहर करने के लिए कहा, जिस पर चेयरमैन ने उन्हें भी बाहर भेज दिया। बैठक पार्षदों ने स्ट्रीट लाईट के अलॉटमेंट पर रोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि जब हर पार्षद को 25-25 स्ट्रीट लाईट लगवाने की सहमति जाहिर की गई थी, तब उनके वार्डों में ठेकेदार ने अपनी मर्जी से स्ट्रीट लाइट लगा डाली। जिसके कारण कहीं दो-दो लाइटें लगी है और कहीं अंधेरा पसरा हुआ है।

## आढ़ती भी गेहूं खरीद को लेकर तैयार नहीं, किसान को करना पड़ सकता है लंबा इंतजार

# मिसमैनेजमेंट : गेहूं के लिए नहीं मिले लेबर व ट्रांसपोर्ट के ठेकेदार

*विभाग को लेबर व ट्रांसपोर्ट के 104 ठेकेदारों की जरूरत, मिले केवल 20*

व्यापार मंडल की अपनी शर्त है कि अगर डीएफएससी फतेहाबाद मंडी में गेहूं की खरीद नहीं करती तो वह गेहूं की खरीद शुरू नहीं होने देंगे, सरकार ने ठेकेदारों के दबाव को देखते हुए 3 बार पॉलिसी में बदलाव किए

### ठेकेदारों ने आपसी मोनोपॉली करके विभाग व सरकार को प्रेशर में ला दिया

सुरेन्द्र असीजा/फतेहाबाद

आजकल में मण्डियों में गेहूं की आवक तेज हो जाएगी। सबसे बड़ा सवाल है कि खरीद एजेंसियों व अनाज मण्डी में गेहूं खरीद के लिए 'सब कुछ' ठीक नहीं है। एक तरह से कह सकते हैं कि किसान अभी से मण्डियों में गेहूं लाएं तो हो सकता है कि उन्हें फसल बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़े। दरअसल बात यह है कि अभी तक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को गेहूं के लिए न लेबर के ठेकेदार मिले हैं और न ही ट्रांसपोर्ट के। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की मानें तो उन्हें जिले में 52 मण्डियों व खरीद केन्द्रों में 104 ठेकेदारों की जरूरत थी, जो गेहूं का उठान करके उन्हें गोदामों तक पहुंचा सकें लेकिन अभी तक विभाग के पास मात्र 20 ठेकेदारों ने ही सहमति जताई है। उधर, व्यापार मंडल की अपनी शर्त है कि अगर डीएफएससी फतेहाबाद मण्डी में गेहूं की खरीद नहीं करती तो वह गेहूं की खरीद शुरू नहीं होने देंगे।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को गेहूं की तुलाई व उठान के लिए मण्डियों में ठेकेदारों की जरूरत होती है जो गेहूं को बोरियों में भरकर उसका वजन करती हैं। उसके बाद उसे ठेकेदार की गाड़ी



में लोड करके गोदाम में पहुंचाया जाता है। विभाग ने इसके लिए 7 बार टेंडर लगाए। अंतिम बार भी उसे जिलेभर में 104 की जगह केवल 20 ठेकेदार ही मिले। दरअसल, इस बार सरकार ने गेहूं की खरीद पॉलिसी में बदलाव किया था। ठेकेदारों को यह पॉलिसी स्वीकार नहीं थी। सरकार ने ठेकेदारों के दबाव को देखते हुए 3 बार पॉलिसी में बदलाव किए। तीसरी बाद हुए बदलाव के ठेकेदार राजी तो हो गए लेकिन अभी तक भी ठेकेदारों ने आवेदन नहीं किए। माना तो यह जा रहा है कि ठेकेदारों ने आपसी मोनापॉली करके विभाग व सरकार को प्रेशर में ला दिया है। ठेकेदार चाहते हैं कि उन्हें मनमाने रेटों पर लेबर व ट्रांसपोर्ट के ठेके मिलें।

### गेहूं खरीद के लिए 52 खरीद केंद्र

अभी तक गेहूं खरीद के लिए जिले की 52 मण्डियों व खरीद केन्द्रों में लेबर व ट्रांसपोर्ट के 104 ठेकेदारों की जरूरत थी लेकिन अभी तक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को 20 ही ठेकेदार मिले हैं। अब मुख्यालय लेवल पर फैसला होना है कि टेंडर के लिए क्या करना है। मुख्यालय से पत्र आने के बाद सारी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

विनीत जैन, डीएफएससी फतेहाबाद

### एक अप्रैल से खरीद शुरू

जिला में गेहूं की सरकारी खरीद 1 अप्रैल से शुरू हो चुकी है लेकिन मण्डियों में अभी आवक शुरू नहीं हुई है। पिछले दिनों प्रदेश की मण्डियों में गेहूं की लोडिंग-अनलोडिंग के ठेकेदार व ट्रांसपोर्टर न मिलने के चलते सरकार ने तीसरी बार पॉलिसी में बदलाव किया था। गेहूं का सीजन नजदीक आते देख दबाव में आई सरकार को आखिरकार 2023-24 की पुरानी पॉलिसी ही लागू करनी पड़ी। सरकार ने अब अनाज मंडियों में गेहूं उठान में देरी पर लगने वाली जुर्माना राशि दोगुनी करने के फैसले को वापस ले लिया है। बीते 8 मार्च को इसे प्रति ट्रक 1000 रुपए किया था, जिसे बाद में 500 रुपए कर दिया गया। ट्रांसपोर्टरों ने इसका विरोध करते हुए टेंडर के लिए आवेदन नहीं किए थे।

### 14 फरवरी को ट्रांसपोर्टरों के लिए नई पॉलिसी की जारी

गेहूं का सीजन 45 दिन का होता है, लेकिन किसान मौसम की मार या अन्य कारणों से 15 दिन में पूरे सीजन को खत्म कर देते हैं। जब सीजन पीक पर होता है, तब मंडियों में जाम लगता है। फसल को एफसीआई गोदाम तक पहुंचाने अनेक अड़चनें हैं। आढ़ती दोपहर बाद 4 बजे तक फसल खरीदते हैं। प्रदेश सरकार ने 14 फरवरी को वर्ष 2025-26 के लिए ट्रांसपोर्टरों के लिए नई पॉलिसी जारी की थी। इसमें शर्त रखी थी कि यदि फसल खरीद करने के 48 घंटे में एफसीआई के गोदाम में अनाज डिलीवर नहीं किया गया तो प्रतिदिन 5 हजार रुपए जुर्माना लगेगा। फिर 1 हजार जुर्माना किया। इसका भी विरोध हुआ। अब सरकार ने 72 घंटे का समय देते हुए जुर्माना राशि भी 500 रुपए कर दी है। इसके अलावा ट्रांसपोर्टरों मे बताया कि नई पॉलिसी में प्रति गाड़ी सिक्योरिटी भी 1 लाख 50 हजार रुपए कर दी थी। इनमें 50 हजार रुपए रिफंडेबल नहीं थे। इस पर ट्रांसपोर्टरों ने नाराजगी जताई। इसके बाद सरकार ने 1 लाख 15 हजार रुपए सिक्योरिटी कर 85 हजार रुपए रिफंडेबल नहीं किए। इसका भी विरोध हुआ। अब सरकार ने 7 हजार रुपए सिक्योरिटी की है और यह रिफंडेबल है।



फतेहाबाद। मिशन बुनियाद के तहत परीक्षा देते विद्यार्थी।

*मिशन बुनियाद कार्यक्रम*

### 311 विद्यार्थियों ने दिया लेवल 3 एंट्रेंस एग्जाम

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मिशन बुनियाद के ओरिएंटेशन और लेवल 3 एंट्रेंस एग्जामिनेशन का आयोजन पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद में किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ष 2025-27 बैच के कुल 311 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी। इसके अतिरिक्त, ओरिएंटेशन कार्यक्रम में 311 छात्रों और उनके माता-पिता सहित 1000 से अधिक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला विज्ञान विशेषज्ञ मुकेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन बुनियाद सरकार की वह पहल है, जिसके माध्यम से कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों की शैक्षणिक नींव को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से गणित और विज्ञान विषयों की नींव को मजबूत करने पर जोर दिया, ताकि बच्चे आगामी समय में हरियाणा सुपर 100 जैसे कार्यक्रमों में चयनित होकर और भी ऊंचाइयों तक पहुंच सकें।

- 2025-27 बैच के कुल 311 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी

# 33 स्वयंसेवकों ने राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हिसार में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय शिविर में फतेहाबाद जिले के विभिन्न विद्यालयों से 33 स्वयंसेवकों ने भाग लिया जिनमें से 15 स्वयंसेवकों व 18 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। इस शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी अंजू बाला, बबीता, मनजीत सिंह और राजकुमार के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक तथा खेलकूद प्रतियोगिता में उल्लेखनीय भागीदारी दर्ज कर जिले का नाम रोशन किया। स्वयंसेवकों ने भाषण, निबंध लेखन, मेहंदी प्रतियोगिता, रस्साकशी, नारा लेखन, चित्रकला आदि में भाग लेकर सफलता का परचम लहराया। विशेष रूप से निबंध लेखन में श्वेता तथा विषय ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रेस में सुंदर पाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रिले रेस में रोहित, अंकित, गौरव, निखिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन किया



फतेहाबाद। राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर में भाग लेते जिला के विभिन्न विद्यालयों के स्वयंसेवक।

### स्वंयसेवकों ने अनुभव से कराया अवगत

जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने बताया कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होते हैं। शिविरों में रहकर ही विद्यार्थी प्रतिकूल परिस्थितियों में अनुकूल बने रहना सीख सकते हैं। जिला संयोजक रोहताश कड़वासरा ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्र में महान कार्य करने वाले व्यक्तियों ने स्वयंसेवकों को अपने अनुभव से अवगत करवाया तथा प्रोत्साहित किया। शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवकों तथा कार्यक्रम अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## फतेहाबाद में दूसरे दिन भी जारी रही पेस्टीसाइड एसोसिएशन की हड़ताल

**फतेहाबाद।** हरियाणा बीज एवं पेस्टीसाइड एसोसिएशन द्वारा अपनी मांगो को लेकर फतेहाबाद में दूसरे दिन भी हड़ताल जारी रखते हुए विरोध प्रदर्शन किया। पेस्टीसाइड दुकानदारों ने शिवालय मार्किट में धरना दिया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सरकार से हरियाणा सीड्स एवं पेस्टीसाइड कानून में किए गए संशोधन को बदलने की मांग की गई। फतेहाबाद में एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण गिल्होत्रा की अगुवाई में प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों ने कहा कि सरकार द्वारा जो यह कानून बनाया गया है उसके तहत दुकानदार का सैंपल फेल होने पर उसके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा, जो पूरी तरह से न्यायपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ऐसे कानून बनाए है जैसे कि बीज बेचने वाले आतंकवादी है।



सिरसा। लोहगढ़ हेड पर राजकनाल का निरीक्षण करते राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोहगढ़ में इंदिरा गांधी नहर का किया निरीक्षण

**डबवाली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंगलवार को सिरसा जिला के लोहगढ़ स्थित इंदिरा गांधी नहर का निरीक्षण किया और अधिकारियों से जल संचय क्षमता बढ़ाने सहित पानी के अधिक सद्धुपयोग को लेकर तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा दोपहर को इंदिरा गांधी नहर का निरीक्षण करने पहुंचे तो इस दौरान राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित राजस्थान सिंचाई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोहगढ़ हैड की वर्तमान स्थिति, जल संचयन क्षमता सहित हैड के संरचनात्मक पहलुओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने यहां मानचित्र के जरिए सिंचित किए जा रहे क्षेत्र के बारे में भी अधिकारियों से चर्चा की है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डबवाली सिद्धांत जैन, एसडीएम डबवाली अर्पित संगल, हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, राजस्थान से पूर्व विधायक गुरदीप सिंह शाह पिन्नी, डबवाली भाजपा जिलाध्यक्ष रेणू शर्मा, पूर्व चेयरमैन गुरदेव सिंह राही आदि मौजद रहे।

## किसान नेता प्रकाश ममेरां ने किया मंडी का दौरा, जताई चिंता

# चोपटा अनाज मंडी में सरसों का धीमा उठान, किसान परेशान, आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं : प्रकाश

मंडी में फसल लेकर आए किसानों के साथ चर्चा की

*अभी तक सरसों का उठान न होने का मतलब है कि सरकार और प्रशासन सोया हुआ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

किसान नेता प्रकाश ममेरा ने मंगलवार को चोपटा अनाज मंडी का दौरा किया और धीमा उठान व अव्यवस्था पर चिंता जाहिर की। इस अवसर पर उनके साथ जगदीश चाडीवाल, संदीप कासानिया नाथूसरी कलां, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

किसान नेता ने कहा कि एक तरफ तो सरसों की आवक तेज गति से हो रही है, लेकिन उठान कार्य धीमी गति से हो रहा है, जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। एक-दो दिनों में मंडी में गेहूं की आवक भी शुरू हो जाएगी। उन्होंने मंडी में फसल लेकर आए किसानों के साथ चर्चा की और उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि गेहूं की आवक को देखते हुए सरसों के उठान की गति को तेज किया जाए ताकि किसानों को गेहूं बेचते समय परेशानी न हो। किसान नेता ने कहा कि मौसम में भी तब्दीली आ रही है और फसल मंडियों में खुले आसमान में पड़ी है। किसान नेता प्रकाश ममेरा ने कहा कि अभी तक सरसों का उठान न होने का मतलब है कि सरकार और प्रशासन सोया हुआ है। मंडियों में बारदाने की कमी, धीमा उठान और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने मांग की है कि उठान की गति तेज की जाए और किसानों की फसल में कमियां निकालकर परेशान न किया जाए।



सिरसा। चोपटा अनाज मंडी का निरीक्षण करते किसान नेता प्रकाश मामेरा।

फोटो। नाथूसरी चोपटा अनाज मंडी में सरसों की डेरी का निरीक्षण करते किसान नेता प्रकाश मामेरा ।



# जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में दिखाया नॉर्थ का दम...

**नई दिल्ली।** सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है। जाट के ट्रेलर की तरह ही ये गाना भी फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। इससे पहले उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'दिल तुझको ही दूंगी पहले सॉरी बोल' रिलीज किया गया था। थमन के म्यूजिक ने उस गाने में भी दर्शकों का दिल जीता और टाइटल ट्रैक ने तो फिल्म पर चार चांद लगा दिए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि ये गाना पूरी तरह से सनी देओल की पर्सनैलिटी को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की जाट 10 अप्रैल को आ रही है। सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है।

## लाइफ Style

# अपूर्वा

## कहानीकार से कहानी को दूर मत करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद मंगलवार, 8 अप्रैल को अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया।

पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंग: इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।' अगली 19 स्लाइडों में नफरत, गाली-गलौज, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियों से भरे मैसेज और टिप्पणियां थीं, जिनमें 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', 'घटिया लड़की', 'क्या तुम्हें शर्म नहीं आती?', 'ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार' जैसी टिप्पणियां थीं। ये उनके द्वारा साझा किए गए सैकड़ों मैसेज के स्क्रीनशॉट में से कुछ टिप्पणियां थीं।

उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और यह एक प्रतिशत भी नहीं है।' पहली पोस्ट साझा करने के बाद अपूर्वा ने कुछ ही मिनटों बा एक और पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।' वहीं, कई यूजर्स और उनके कई साथियों ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया और उनका समर्थन किया। अपूर्वा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने प्रशंसकों के बीच 'द रिबेल किड' के रूप में जानी जाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर जारी कर दिया है। एक मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में लोगों को एवेंजर्स को याद करते और 'थंडरबोल्ट्स' को उनकी जगह लेते हुए देखा जा सकता है। ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन भी देखने को मिला। इसे देखकर लगता है कि कहानी एंटी-हीरोज के हीरो बनने की है। ट्रेलर की शुरुआत एवेंजर्स की कमी खलने से होती है। उनकी कमी पूरी करने के लिए एक प्रयोग किया जाता है, जो बहुत ही भयावह साबित होता है।



# आखिरी मिशन पर निकले टॉम क्रूज...

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रैन्चाइज में से एक है। इस सुपर फेमस फ्रैन्चाइज की छोटी से छोटी झलक के लिए फैंस बेचैन रहते हैं। मिशन इम्पॉसिबल के फैंस सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में इस फ्रैन्चाइज के चाहने वाले मौजूद है। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज एक बड़ा माइल्स्टोन मानी जाती है। मिशन इम्पॉसिबल के सभी पार्ट्स में एक्शन का भरपूर डोज दिया जाता रहा है और इसमें पर्फॉर्म किए गए स्टंट्स की सरहाना पूरी दुनिया के फिल्ममेकर्स करते हैं। सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल: द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।



# नेटिजन्स हुए खूबसूरती के दीवाने...

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में मुंबई में हुए मैडॉक की सालगिरह की पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी नातीन नाओमिका सरन भी नजर आईं। नाओमिका ने तुरंत सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने अपनी नानी के साथ पैपराजी के लिए पोज भी किया। नाओमिका का लुक नेटिजन्स को काफी पसंद आया और उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। नाओमिका को जैसे ही नेटिजन्स ने देखा उनकी खूबसूरती की तारीफ करने लगे। एक यूजर ने लिखा, क्यूट, एक अन्य ने लिखा, मिनी ट्विंकल खन्ना, एक और ने कमेंट किया, 'हां यार ये तो कैटरीना और ऐश्वर्या से बेहतर लग रही है। एक्टिंग पता नहीं कैसी है। हां अगर एक्टिंग अच्छी हुई तो अच्छी-अच्छी अभिनेत्रियों को ये पीछे कर देगी।'



# 'विकी डोनर' 18 अप्रैल को होगी री-रिलीज

**मुंबई।** सामाजिक मुद्दों से जुड़ी फिल्में करने के लिए मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रहे हैं। वो भी अपनी पहली फिल्म के साथ। जी हां, सही सुना आपने। फिल्मों के री-रिलीज की लिस्ट में अब आयुष्मान खुराना की पहली फिल्म 'विकी डोनर' का भी नाम शामिल हो गया है। इस बात की जानकारी खुद फिल्म की अभिनेत्री यामी गौतम ने दी है कि फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम ने विकी डोनर के री-रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'वह फिल्म जहां से हमारे लिए सबकुछ शुरू हुआ। फिर मिलेंगे सिनेमाघरों में। 18 अप्रैल की तारीख सेव कर लीजिए।'

## टीवी मसाला



# कड़वाहट से शुरू होगी प्रेम कहानी! अबरार के आगामी शो का प्रोमो जारी

**नई दिल्ली।** दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी पर एक नया शो आने को तैयार है। आगामी शो 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' का प्रोमो निर्माताओं ने जारी किया। प्रोमो में दो एक दम अलग-अलग विचारधारों के लोगों के बीच प्यार और कड़वाहट जन्म लेता दिखा। प्रोमो में एक लड़की 'कथा', जिसे पेड़ और पौधों से बहुत प्यार है अपने गार्डेन के साथ काफी खुश नजर आती है। उसकी मां उसे टोकते हुए प्यार से कहती है, इन पौधों से ही शादी करोगी क्या? इसके बाद वह बीते हुए कल का उदाहरण देकर बात को टाल देती है। अगले ही पल एक रइसजादा (उदय) जो शेफ और जिसे कुकिंग से प्यार है उससे टकराता है, जिससे कथा के पौधे टूट जाते हैं। गोबर लगने से उदय नाराज हो जाता है। दोनों की बीच एक तीखी बहस होती है। उदय कसम खाता है कि वह उसे अपने प्यार में गिरा कर छोड़ देगा। यह धारावाहिक स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। इसमें एक पारिवारिक ड्रामा और प्यार दोनों ही देखने को मिलने की उम्मीद है। 21 अप्रैल से शाम 7 बजे से इसका प्रसारण शुरू होगा। दर्शक इसे ओटीटी पर भी देख सकते हैं। शो में अबरार काजी और आफिया तायबली मुख्य भूमिका निभाएंगी। अबरार पहले से ही टीवी शो के माध्यम से लोगों को दिलों में जगह बना चुके हैं। उन्हें आखिरी बार 'कुमकुम भाग्य' में देखा गया था, जहां उन्हें राची शर्मा के साथ देखा गया था।

## छह सीजन जज करने के बाद विशाल ने छोड़ा 'इंडियन आइडल'

**नई दिल्ली।** मशहूर गायक-संगीतकार विशाल ददलानी ने छह सीजन तक इसके पैनल में जज रहने के बाद सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल मीडिया पर इंडियन आइडल के साथ अपने रिश्ते के खत्म होने की घोषणा की और कहा कि अब वह अपना सारा समय और एनर्जी दुनिया भर में संगीत बनाने और परफॉर्म करने में लगाना चाहते हैं। विशाल ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें लिखा था, 'अलविदा, यारो। सीजन 6 में जितना मजा किया, उससे भी ज्यादा याद आएगी। हक से ज्यादा प्यार मिला है, इस शो की वजह से। इसमें शामिल सभी लोगों का हमेशा आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि शो मुझे उतना ही याद करेगा जितना मैं इसे मिस करूंगा।'



# 900 फिल्मों में काम करके बना 85 हीरोइन का हीरो...

**नई दिल्ली।** अक्सर फिल्म स्टार्स के बारे में कुछ फिगर्स डिक्लेयर किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि उन्होंने एक साल में कितनी फिल्मों में काम किया या ताउम्र कितनी फिल्मों में सक्रिय रहे। जैसे अक्षय कुमार के लिए कहा जाता है कि वो एक दौर में साल में सबसे ज्यादा फिल्म करने वाले स्टार थे। लेकिन, वो कभी एक हीरो का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके। इस हीरो ने सौ या दो सौ नहीं, बल्कि अपने पूरे कॅरियर में करीब 900 फिल्मों में काम किया था। इन 900 फिल्मों में से 700 फिल्में ऐसी थीं जिसमें वो लीड रोल में दिखे। चालीस फिल्मों में उन्होंने डबल रोल भी किए।




***साउथ के फिल्मों से बने सुपरस्टार :*** हम जिस एक्टर का यहां जिक्र कर रहे हैं उस एक्टर का नाम है प्रेम नजीर। प्रेम नजीर ने साउथ इंडियन फिल्मों से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। उनके नाम सबसे बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है एक साल में रिलीज हुई फिल्मों का। कुछ साल ऐसे रहे जब प्रेम नजीर की 39-39 फिल्में रिलीज हुई हैं। मलयालम इंडस्ट्री को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने का क्रेडिट भी उन्हें ही दिया जाता है। ज्यादा फिल्में करने का असर कभी उनकी एक्टिंग पर नहीं पड़ा। कहा जाता है कि वो इतनी रियलिस्टिक एक्टिंग करते थे कि फिल्म मेकर्स भी हैरान रह जाते थे।

***इस फिल्म से किया डेब्यू :*** प्रेम नजीर ने अपने पूरे फिल्मी कॅरियर में 40 फिल्मों में डबल और ट्रिपल रोल भी किया। इस दौरान उन्होंने 85 हीरोइन्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उनकी पहली फिल्म साल1952 में रिलीज हुई थी, जिसका नाम था मरूमकल। इसके बाद उनकी फिल्म विसाप्पिंटे विली रिलीज हुई, जिसने उन्हें घर-घर में फेमस बना दिया। आपको बता दें कि प्रेम नजीर का असली नाम अब्दुल खादिर था। लेकिन, फिल्मी दुनिया में उन्हें प्रेम नजीर के नाम से पहचान मिली और फैन्स का प्यार भी।

# इस एक्टर को अपनी गाड़ी में घर छोड़ने आते थे दिलीप कुमार, पंडित नेहरू ने दे दी थी फेवरेट छड़ी

*__नई दिल्ली।__ अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र स्टारर फिल्म शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाने वाले एक्टर सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी उर्फ जगदीप को ऑडियंस से काफी सराहना मिली। उन्होंने अपनी फिल्मों में कॉमेडियन के अलावा गंभीर किरदार भी निभाए। अपनी शानदार एक्टिंग के लिए मशहूर हुए एक्टर की जिंदगी में एक ऐसा समय भी आया था जब उन्हें खुद दिलीप कुमार उनके घर तक छोड़ने आते थे। उस समय के पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरु ने तो अपनी पसंद की छड़ी तक एक्टर को दे दी थी। जगदीप के बेटे एक्टर जावेद जाफरी ने एक इंटरव्यू में पिता को याद करते हुए उनकी जिंदगी से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। एक्टर ने अपने पिता की जिंदगी के स्ट्रगल की कहानी सुनाने के बाद कहा, 'फुटपाथ में उन्होंने दिलीप कुमार के बचपन का किरदार निभाया था। मुहुर्त शॉट*



*उन्हीं पर लिया गया था। उन्हें रोना था उस सीन में। मेरे पिता ने बिना ग्लिसरीन लगाए ही रोने का वो सीन प्ले किया। उन्होंने वो सीन इतनी अच्छी तरह से निभाया कि दिलीप कुमार भी उनकी एक्टिंग पर फिदा हो गए। दिलीप साहब ने मेरे पिता को सौ रुपए इनाम दिया।'*

### *इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए*

*आगे एक्टर ने बताया, 'मेरे पिता और दादी तब तक माहिम में एक छोटी सी खोली किराए पर ले चुके थे। उस दिन की शूटिंग खत्म होने के बाद दिलीप साहब मेरे पिता को अपनी कार से छोड़ने माहिम आए थे। दिलीप साहब ने उन्हें एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ा था। जब दिलीप साहब पेट्रोल पंप पर रुके तो वहां कुछ लोग उनके ऑटोग्राफ लेने आए। दिलीप साहब ने उनसे कहा कि इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए।*

### फिल्म इंडस्ट्री में लोग कहते थे मुन्ना

आगे एक्टर ने 'मेरे पिता को याद नहीं कि उन्हें जगदीप नाम किसने दिया था। मगर, उन्हें ये नाम पसंद था। उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था। और फिल्म इंडस्ट्री में लोग उन्हें मुन्ना कहते थे। नेहरू जी ने उन्हें फ़िल्म 'हम पंछी एक डाल के' के लिए अपनी छड़ी गिफ्ट की थी। नेहरू जी ने उस फ़िल्म के सभी बाल कलाकारों को अपने घर नाश्ते के लिए इनवाइट किया था। मेरे पिता की उम्र तब 15 साल थी। नेहरूजी ने सबको गिफ्ट दिए। मगर, जब मेरे पिता की बारी आई तो गिफ्ट खत्म हो गए। तब नेहरूजी ने अपनी छड़ी उठाई और मेरे पिता से कहा, 'मुझे मेरी ये छड़ी बहुत पसंद है। मगर, आज से ये तुम्हारी हुई।' वो छड़ी मेरे पिता ने हमेशा संभालकर रखी।'

## अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का खींचा था अपनी ओर ध्यान


# इन बड़ी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस, लिस्ट में रामायण भी शामिल

*__नई दिल्ली।__ किसी भी फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस उस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो जाते हैं। क्योंकि वो अपने पसंदीदा कलाकार को बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए देखना चाहते हैं। इसलिए वो फिल्म से जुड़ी एक-एक अपडेट चाहते हैं और अगर कई दिनों तक फिल्म के बारे में कोई अपडेट न मिले, तो फैंस फिल्म के मेकर्स से सवाल करने लगते हैं। पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्होंने अपने अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन अब उनकी अनाउंसमेंट को काफी वक्त बीत जाने के बाद भी फिल्म को लेकर कोई जानकारी काफी वक्त से सामने नहीं आई है। जिसके बाद अब फैंस फिल्मों के मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर से लेकर साउथ के मेगा स्टार चिरंजीवी तक की फिल्में शामिल हैं।*

**विश्वंभरा :** साल 2023 में चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर उनके फैंस को तोहफा देते हुए उनकी नई फिल्म 'विश्वंभरा' की घोषणा की गई थी। हालांकि, ऐलान के वक्त फिल्म को 'मेगा' नाम से प्रजेंट किया गया था। बाद में फिल्म का नाम विश्वंभरा बताया गया। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। पहले इस फिल्म को इसी साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद कहा गया कि फिल्म मई 2025 तक रिलीज हो सकती है, मगर अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म मई में भी रिलीज नहीं होगी। ऐसे में फिल्म के बारे में मेकर्स की ओर से कोई जानकारी सामने न आने पर फैंस मेकर्स से सवाल कर रहे हैं और फिल्म को लेकर नई अपडेट देने की अपील कर रहे हैं।



**हरि हर वीरा मल्लू :** सुपरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू: पार्ट 1– स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट' को लेकर भी फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। होली पर मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए बताया था कि फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों की बेचैनी तब बढ़ गई जब अप्रैल तक फिल्म को लेकर कोई नई जानकारी सामने नहीं आई और न ही फिल्म का प्रमोशन शुरू हुआ। हाल ही में फैंस ने मेकर्स से फिल्म को लेकर सवाल किए हैं और उनसे फिल्म के प्रमोशन को शुरू करने की अपील की है।



**कल्कि-2 :** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद से फैंस फिल्म के अगले पार्ट के लिए काफी उत्साहित हैं। मगर फैंस को फिल्म से जुड़ी कोई पुख्ता जानकारी हासिल नहीं हो पा रही है। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें आई थीं कि फिल्म को इसी साल के अंत तक रिलीज करने की योजना है। लेकिन अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि फिल्म की शूटिंग कब तक शुरू होगी या हो चुकी है।



**हेरा फेरी-3 :** जिन फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उनमें प्रियदर्शन की कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा-फेरी का तीसरा पार्ट हेरा फेरी 3 भी शामिल है। बीते दिनों निर्देशक प्रियदर्शन ने ये कहकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ा दिया कि वो जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



**रामायण :** रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस बड़ी ही बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को दो भागों में रिलीज किए जाने की तैयारी है। हाल ही में रामनवमी के मौके पर फैंस को उम्मीद थी कि फिल्म से जुड़ी कोई अहम जानकारी सामने आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद फैंस ने निर्देशक नितेश तिवारी से फिल्म को लेकर कोई अपडेट देने की मांग की थी।




**कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म :** कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग के वीडियो और फोटोज लगातार समने आ रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनेत्री श्रीलीला नजर आएंगी। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म के बारे में फैंस नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### जाण्डली खुर्द गांव से युवती लापता

**फतेहाबाद।** भूना के गांव जाण्डली खुर्द से एक युवती के लापता होने का समाचार है। इस बारे युवती के भाई द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जाण्डली खुर्द निवासी एक युवक ने कहा है कि उसकी 23 वर्षीय बहन गत दिवस घर पर बिना बताए कहीं चली गई है और उसके बाद वापस घर नहीं लौटी है। इसके बाद उन्होंने काफी जगह उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### रतिया व टोहाना शहर से तीन मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** जिले में सक्रिय वाहन चोर गिरोह ने रतिया व टोहाना शहर से तीन मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। तीनों मामलों में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 3 रतिया निवासी रामजी लाल ने कहा है कि गत दिवस वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाजार गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। एक अन्य मामले में शहर टोहाना पुलिस ने नया बाजार, वार्ड नं. 8 टोहाना निवासी मृदुल की शिकायत पर उसके घर के बाहर से उसका मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है।

### ट्रांसफार्मर से हजारों का तेल व पाट्‌र्स चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव चबला मोरी में एक खेत में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से हजारों रुपये का तेल व अन्य पाट्‌र्स चोरी कर लिए। इस बारे बिजली निगम के एसडीओ द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम भट्टूकलां के एसडीओ विपिन कुमार ने कहा है कि निगम द्वारा गांव चबला मोरी में किसान सुरजीत के खेत में 25 किलोवाट का ट्रांसफार्मर लगाया हुआ है। गत दिवस रात को अज्ञात चोर ट्रांसफार्मर में से तेल व अन्य पाट्‌र्स चोरी कर ले गया है। इस बारे किसान ने निगम को सूचना दी।

### बाइक से पटाखे बजाने पर काटा दस हजार का चालान

**सिरसा।** कालांवाली यातायात थाना पुलिस ने बुलेट बाइक से पटाखे बजाने पर दस हजार रुपए का चालान किया। साथ ही मौके पर ही बुलेट का साइलेंसर उतरवाया। कालांवाली यातायात थाना उप निरीक्षक भूप सिंह ने बताया कि चालकों द्वारा मोटर वाहन अधिनियम का पालन न करने वाले ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट, लाइन चेंज, रॉन्ग पार्किंग, सीट बेल्ट, बिना नंबर प्लेट, बिना पैटर्न नंबर प्लेट चालान किए गए है। उन्होंने बताया कि एक बुलेट बाइक के पटाखे बजाने पर उसका दस हजार रुपए का चालान किया गया।

### मूंग की खेती पर मिलेगा 75 प्रतिशत अनुदान

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिला में दलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने और भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के उद्देश्य से मूंग की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत जिले में आठ हजार एकड़ भूमि पर मूंग की फसल बोने के लिए किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान पर ग्रीष्मकालीन मूंग (किस्म एमएच-421) का बीज उपलब्ध करवाया जा रहा है। उप कृषि निदेशक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि यह योजना हरियाणा सरकार के फसल विविधिकरण कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही है। यह बल्कि भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने में भी सहायक है।

### विधि विभाग में मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मंगलवार को मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शैक्षणिक गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में न्यायिक प्रक्रिया की समझ विकसित करना रहा। प्रतियोगिता में पक्ष की ओर से रोमिल, वृंदा, सुंदर और अंजू, जबकि विपक्ष की ओर से सागर, प्रदीप, नवदीप और राज रानी ने अपनी भूमिका निभाई।

---

### जहां पानी की समस्या है उन गांवों में टैंकरों से पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें

# पर्याप्त मात्रा में पेयजल, बिजली की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश

*गर्मी के मद्देनजर एडीसी ने अधिकारियों सहित ली बैठक*

- सिंचाई व बिजली विभाग आपस में तालमेल बनाए रखें
- सप्लाई निर्बाध रूप से दें ताकि आमजन को परेशानी न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गर्मी के मद्देनजर संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते एडीसी अनुराग ढालिया।

गर्मी के मद्देनजर रखते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जन स्वास्थ्य एवं आभियांत्रिकी विभाग, बिजली विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, सिंचाई विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने जन स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि गर्मी के मद्देनजर गांव में पानी की समुचित सप्लाई तथा जलघरों में पानी की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जहां पर पानी की समस्या है उन गांव में टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें। इस कार्य के लिए सिंचाई व बिजली विभाग आपस में तालमेंल बनाए रखें ताकि पानी की समस्या ना हो। उन्होंने पंचायत विभाग को निर्देश दिए कि गांव के तालाबों व गांव के सार्वजनिक स्थानों पर पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करवाएं ताकि गर्मी के मद्देनजर पशुओं व आमजन को पीने का पानी मिल सके। उन्होंने बिजली विभाग को निर्देश दिए कि वे गांव में बिजली की सप्लाई निर्बाध रूप से दें ताकि गर्मी के दिनों में आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर की भी उपलब्धता समय पर सुनिश्चित की जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर खराब ट्रांसफार्मर को तुरंत प्रभाव से बदला जा सके।

#### स्वास्थ्य विभाग को भी आदेश जारी

*उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों की जांच करवाने के लिए स्टाफ की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें तथा मरीजों को उचित मात्रा में आवश्यक दवाएं व आवश्यक घोल के पैकट की भी व्यवस्था भी समय रहते कर ली जाए। उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय विभाग को निर्देश दिए कि नगर परिषद्, नगरपालिका क्षेत्र में स्थित पार्क व सार्वजनिक स्थानों पर पानी की समुचित व्यवस्था रखें। उन्होंने श्रम विभाग को निर्देश दिए कि ईंट भट्टे, कारखानों इत्यादि सभी संस्थानों को निरीक्षण करें और सरकार द्वारा जारी हिदायतोंनुसार पर्याप्त पीने के पानी की व्यवस्था करवाएं तथा स्वास्थ्य चैकअप भी करवाना सुनिश्चित करें।*

---



फतेहाबाद। रामदेव मंदिर में भाजपा जिला प्रधान को सम्मानित करते श्री बाबा रामदेव सेवा समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## बाबा रामदेव साम्प्रदायिक सद्भावना की जीती जागती मिसाल : प्रवीण जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद।

रामनवमी व नव संवत 2082 की पहली चांदनी दशमी के उपलक्ष्य में श्री बाबा रामदेव सेवा समिति की ओर से संचालित शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने प्रज्वलित की। उनके साथ जिला भाजपा के उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा रामदेव महाराज सांप्रदायिक सद्भावना और सामाजिक भाईचारा व एकता की जीती जागती मिसाल हैं, क्योंकि बाबा रामदेव महाराज को 36 बिरादरी के लोग पूजते हैं। देश विदेश से श्रद्धालु उनके समाधि स्थल रूणेचा रामदेवरा में भादवा व माघ मेले में पहुंचकर उनके प्रति अपनी आस्था और विश्वास प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा रामदेव महाराज एक प्रगतिशील विचारक थे और उन्होंने जातिगत भेदभाव को मान्यता नहीं दी तथा ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाया। इससे पूर्व प्रवीण जोड़ा ने समिति प्रधान रमेश जोइया व समिति सदस्यों के साथ बाबा रामदेव महाराज को फूलों की माला अर्पित कर क्षेत्र की सुख-शांति व खुशहाली की कामना की।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर राकेश जोइया, किशन लाल चौहान, बनवारी लाल गहलोत, शम्मी धीगड़ा, विकास सारस्वत, जोनी गहलोत, मनोज चायल, कमलकांत डाबी, राजेश जांगड़ा, हरीश गहलोत, आर्यन आहुजा, आर्यन ग्रोवर आदि मौजूद रहे।

---

## मामा-भांजा पर कस्सी से हमला

*खेत में पानी की पाइप काटने पर हुआ विवाद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्षेत्र के गांव भिरड़ाना में खेत में पाइप लाइन काटने को लेकर हुए विवाद में मामा-भांजे पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में मामा के सिर व भांजे के हाथ में चोट लगी है। पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों पर केस दर्ज किया है। घायल मामा-भांजे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव भिरडाना निवासी राजेश कुमार ने बताया है कि वह खेतीबाड़ी करता है। उसने अपनी खेत ढाणी से ट्यूबवेल की पाइप अपने दूसरे खेत में पानी लगाने के लिए दबा रखी है। 3 अप्रैल को खेत पड़ोसी सुनील कुमार पक्के खाल से अपने खेत में पक्के मोगा दबाने के लिए जेसीबी से गड्ढा किया था, गड्ढे के बीच में उनकी पाइप थी। सचिन ने जान बूझकर कस्सी से काट दी। इस पाइप लाइन काटने के बारे में थाने में भी शिकायत दी थी। राजेश ने बताया है कि फिर 5 अप्रैल को वह अपनी ढाणी में था कि गांव के ही पवन कुमार ने उसे हाथ का इशारा करके उस जगह बुलाया, जहां से उसकी पाइप सचिन द्वारा काटी गई थी। पवन कुमार के इशारा करने पर वह और उसका भांजा गांव झलनिया निवासी अजेश वहां गए। पाइप कटी हुई देखकर वे भाई रामनिवास की ढाणी के पास खड़े थे, उसी समय सुनील कुमार व सचिन मोटरसाइकिल लेकर आए। सुनील ने मोटरसाइकिल से उतरते ही अपने सिरी रामेश्वर को आवाज लगाकर कस्सी लाकर देने को कहा। रामेश्वर ने कस्सी लाकर सुनील कुमार को दी। इसके बाद रामेश्वर वापस चला गया। सचिन ने अपने हाथ में लिया हुआ लोहे का कापा उनके भांजे अजेश के मारा, जो उसके बाएं हाथ पर लगा।

## लायंस क्लब ने जाखनदादी मिडल स्कूल में बच्चों को बांटी स्टेशनरी

- अध्यापक की मांग पर 10 हजार रुपये जरूरतमंद बच्चों के लिए आर्थिक सहयोग के रूप में दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया।



रतिया। छात्राओं को स्टेशनरी वितरित करते क्लब सदस्य। फोटो : हरिभूमि

लायंस क्लब रतिया सिटी द्वारा जनपद गवर्नर सुधा कामरा के आह्वान पर चौथे सेवा सप्ताह के अंतर्गत गल्र्स एम्पावरमेंट के तहत गवर्नमेंट मिडिल स्कूल जाखनदादी में छात्राओं को स्टेशनरी वितरित की गई। क्लब सचिव गोपालचंद कुलरियां ने बताया कि क्लब समय-समय पर इस संस्था में आकर बच्चों की विभिन्न जरूरतों को पूरी करता रहा है।

आज भी जरूरतमंद लड़कियों को स्टेशनरी वितरित की गई है। कोषाध्यक्ष विपिन बंसल ने मुख्य अध्यापक की मांग पर 10 हजार रुपये अन्य जरूरतमंद बच्चों के लिए आर्थिक सहयोग के रूप में दिए।

मंच संचालक मास्टर देवी लाल ने इंटरनेशनल क्लब के बारे में बहुत अच्छी जानकारी देते हुए बताया कि यह संस्था अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 200 देशों में फैली हुई है और इसके 14 लाख सदस्य हैं जो कि विभिन्न जरूरतमंद लोगों की सेवा करते रहते हैं। क्लब अध्यक्ष प्रदीप बंसल ने बताया कि गल्र्स एम्पावरमेंट सप्ताह के अंतर्गत 10 अप्रैल को गुरु नानक इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रतिया में सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें भावना गगनेजा मुख्य प्रवक्ता होंगी। अंत में मुख्य अध्यापक संदीप वसंत ने क्लब की आभार प्रकट किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष हरबीर जोड़ा, राजू अरोड़ा के अलावा स्कूल स्टाफ सदस्य और बच्चे उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### एजुकेशन में भेदभाव बंद हो : उर्वशी अरोड़ा

**सिरसा।** शिक्षा में समान अवसर की बात की जाती है, लेकिन हकीकत इससे उलट है। नए सत्र के एडमिशन शुरू होने से पहले जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स ने भेदभाव खत्म करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि 90 प्रतिशत अंक लाने के बाद भी जनरल कैटेगरी के छात्रों को एडमिशन नहीं मिलता, जबकि आरक्षण में शामिल छात्रों को 45 प्रतिशत पर भी सीट मिल जाती है। गल्र्स विंग की जिलाध्यक्ष उर्वशी अरोड़ा ने कहा कि सरकार को आरक्षण देना चाहिए, लेकिन शिक्षा में नहीं। शिक्षा में सिर्फ प्रतियोगिता की भावना होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी से अपील की कि शिक्षा में भेदभाव न होने दिया जाए। आज के समय में मिडिल क्लास का जनरल कैटेगरी का बच्चा सर्वाइव नहीं कर पा रहा। उसे भी फीस में छूट मिलनी चाहिए।

### गोरखपुर में 20 दिन से पीने के पानी का संकट

**भूना।** गोरखपुर गांव में पीने के पानी की भारी किल्लत है। बीते 20 दिन से लोग साफ पानी के लिए परेशान हैं। प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई। गांव के लोग खेतों में लगे सबमर्सिबल से पानी भरकर पीने को मजबूर हैं। कई बार दूर-दराज के इलाकों से पानी लाना पड़ता है। गांव की हर गली में लोग बड़े-बड़े बर्तनों में पानी जमा करते दिखते हैं। गोरखपुर गांव के धनराज शर्मा, विनोद कुमार, राजबीर सिंह, सुरेश कुमार, मुंशी राम, जयबीर सिंह, कृष्ण कुमार, बिमला देवी, संतोष देवी, सुनीता, रामकली, वीरमति और रामबाई ने बताया कि रोजमर्रा के कामों में भी दिक्कत हो रही है। प्रशासन की ओर से टैंकर तक नहीं भेजे जा रहे। मजबूरी में ग्रामीण महंगे दामों पर निजी टैंकर मंगवा रहे हैं। गर्मी बढने से परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने डीसी फतेहाबाद को ज्ञापन सौंपा। जल आपूर्ति बेहतर करने की मांग की। डीसी ने समस्या को गंभीरता से लिया। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर समाधान के निर्देश दिए।

### कंपनी की बजाय डीलर्स को बनाया जा रहा बलि का बकरा: डॉ. इंदौरा

**सिरसा।** सीड एवं इनसेक्टिसाइड एक्ट में किए जा रहे संशोधन के निर्णय को पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा ने कटघरे में खड़ा किया है। डॉ. इंदौरा ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि पूंजीपति कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार कुछेक डीलरों की आड़ में किसान व डीलर के भाईचारे को खराब करना चाहती है। उन्होंने कहा कि माना कुछ डीलर दवाएं बनाकर गड़बड़ी करते हैं, लेकिन सभी डीलरों को कुछेक डीलरों की आड़ में बलि का बकरा क्यों बनाया जा रहा है? किसान व डीलर के वर्षों पुराने भाईचारे में सरकार द्वारा खटास डालने का काम किया जा रहा है। पूर्व सांसद ने कहा कि सरकार गड़बड़ी कर रही कंपनियों पर लगाम लगाने की बजाय डीलर के व्यापार को ठप करने पर तुली हुई है क्योंकि कंपनियां सरकार को मोटा नजराना देती है।

### विपिन जैन बने शू मर्चेंट्स एसोसिएशन के उपप्रधान

**सिरसा।** होलसेल शू मर्चेंट्स एसोसिएशन की बैठक स्थानीय निजी रेस्तरा में प्रधान सतीश गोयल की अध्यक्षता में हुई। मीडिया प्रभारी अरूण बंसल ने बताया कि बैठक के दौरान वर्तमान कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें वरिष्ठ सदस्य विपिन जैन को एसोसिएशन का उपप्रधान नियुक्त किया गया, जबकि अखिलेश तनेजा को कार्यकारिणी में नए सदस्य के रूप में शामिल किया गया। इसी के साथ डीईटीसी सिरसा द्वारा वैट की पुरानी देनदारी में 1 लाख से 10 लाख रूपए बकाया देने पर ब्याज व जुर्माने में पूरी छूट के साथ साथ मूल बकाया राशि में 60 प्रतिशत तक की छूट बारे विस्तार से बताया गया।

### डोडापोस्त सहित दो युवक गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में गांव गंगा क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार को 5 किलो 360 ग्राम डोडापोस्त सहित व महिला को देसूजोधा से 895 ग्राम डोडापोस्त सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली पुलिस उप निरीक्षक राजपाल ने बताया कि एएसआई पालाराम पुलिस पार्टी के साथ गश्त गांव गंगा में मौजूद थे। इस दौरान उन्हें सूत्रों से सूचना मिली कि अनिल निवासी गंगा चूरापोस्त बेचने का काम करता है जो आज भी चूरापोस्त बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम गांव गंगा से कालुआना की ओर जा रही थी।

---

## विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते छात्र। फोटो : हरिभूमि

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार बांसल को छात्र नेताओं ने विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर मांगपत्र सौंपा। छात्र नेता सतबीर साहनी व सचिन तेतरवाल ने बताया कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कैंपस के अंदर ही पुलिस प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के चालान काटे जा रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया कि इससे पहले भी विवि प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है मगर विवि प्रशासन ने अभी तक विद्यार्थी हित को देखते हुए कोई कदम नहीं उठाए व विद्यार्थियों पर दबाव बनाया जा रहा है। विवि परिसर में मौजूद विद्यार्थियों के खड़े व्हीकल के चालान व विवि से संबद्ध 50 से अधिक कॉलेजों के विद्यार्थी विवि में रिजल्ट ब्रांच व अन्य काम से आते रहते हैं, जिसको विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करते समय प्रताड़ित करना या उनसे झगड़ा करना, सिक्योरिटी गार्ड का काम बन गया है। तेतरवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय में व्हीकल के चालान करना व विवि परिसर में बिना परमिशन के पुलिस-प्रशासन का विश्वविद्यालय में प्रवेश करना वर्जित है, क्योंकि विश्वविद्यालय एक सार्वभौमिक ईकाई है, जहां किसी भी व्यक्ति की आवाजाही पर किसी प्रकार कि रोक नहीं है।

## संकल्प पत्र के वायदों से मुकरी भाजपा: सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार अब जनता को झटके पर झटके दे रही है। यह सरकार अपने ही संकल्प पत्र के वायदों से मुकर रही है। हरियाणा सरकार ने बजट में लक्ष्मी योजना के तहत हर माह हर महिला को 2100 रुपए देने की घोषणा तक का कोई जिक्र नहीं किया तो दूसरी ओर केंद्र सरकार ने हर घर ग्रहण योजना के तहत हर महिला को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की थी मगर उसमें भी 50 रुपए की वृद्धि कर दी। सरकार को कम से कम अपने वायदे पर कायम रहते हुए जनता के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए था। मंगलवार को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि बीते सोमवार का दिन देश के लिए किसी आफत से कम नहीं है। पहले शेयर बाजार में भीषण गिरावट ने लोगों के होश उड़ा दिए। इसके साथ ही सरकार ने लोगों की जेब पर असर डालने वाले कई फैसलों का ऐलान कर दिया। इनमें रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये महंगा करना शामिल है। सीएनजी की कीमत में भी एक रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई। रसोई गैस की महंगाई से उज्ज्वला योजना के तहत गरीबों और सामान्य लोगों दोनों को नुकसान होगा। गैस की नई कीमतें मंगलवार को 08 अप्रेल से लागू कर दी गई हैं। रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अब एक सिलेंडर 553 रुपए में मिलेगा। पहले यह 503 रुपए का था। वहीं, सामान्य ग्राहकों को 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर अब 853 रुपये में मिलेगा।

## 16 लाख जुर्माने के बाद भिरडाना पंचायत ने दस नलकूपों के काटे बिजली कनेक्शन

**गांव में पानी को लेकर मचा हाहाकार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव भिरड़ाना में 10 नलकूपों के बिजली कनैक्शन न होने के चलते ग्रामीणों को भीषण पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। बता दें कि गांव भिरडाना में पेयजल संकट दूर करने के लिए 7 महीने पहले जिला परिषद द्वारा कई मोहल्लों में 10 नलकूप लगाकर ग्राम पंचायत को हैंड ओवर किए थे। बिजली मीटर नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने अपने स्तर पर इनका कुंडी कनैक्शन करके पानी भरना चालू कर दिया था। कुछ दिन पहले सीएम विंडो में ही गई शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए बिजली निगम ने बिजली चोरी के आरोप में ग्राम पंचायत को 19 लाख 11 हजार 990 रूपये जुर्माना लगा दिया। इसके बाद सरपंच परमजीत कौर ने सभी नलकूपों से बिजली कनैक्शन कटवा दिए है। इसके चलते गांव की आधी से अधिक आबादी में पेयजल संकट को लेकर हाहाकार मचा हुआ है।

> भिरडाना में नलकूपों को जल्द ही चालू करवा दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जा चुके है। पेयजल संकट से निपटने के लिए जल बचाना बहुत जरूरी है। इसे व्यर्थ न बहाएं।
> **-मनदीप कौर**, डीसी, फतेहाबाद।

> जिला परिषद और पंचायत समिति द्वारा हमारे गांव में लगाए गए नलकूपों पर ग्राम पंचायत के किसी भी प्रतिनिधि द्वारा अवैध कनैक्शन नहीं किया गया था। नलकूप लगने के बाद लोगों ने अपने स्तर पर कनैक्शन कर लिए, वहीं बिजली मीटर लगवाने के लिए हमें किसी के द्वारा कोई पत्र नहीं दिया गया था। बिजली निगम ने गलत तरीके से कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत पर जुर्माना लगाया है। फिलहाल हमने एकबार सभी जगहों से कुंडी हटवा दी है। उच्चाधिकारियों के आदेशों के बाद इन्हें दोबारा चलवा दिया जाएगा।
> **-परमजीत कौर**, सरपंच, भिरडाना।

**प्रदर्शन** नगरपालिका कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक का किया आयोजन

# एसडब्ल्यूएम पोर्टल पर हाजिरी का विरोध आज डीएमसी को आंदोलन का नोटिस सौंपेंगे

- फतेहाबाद में हुई बैठक में पहुंचे जिलेभर से संघ के पदाधिकारी
- फतेहाबाद इकाई ने विरोध गेट मीटिंग का भी किया आयोजन
- सफाई कर्मियों का वेतन 27 हजार करने की घोषणा अभी तक लागू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। नगरपालिका कर्मचारी संघ की गेट मीटिंग में भाग लेते कर्मचारी।

एसडब्ल्यूएम पोर्टल पर हाजरी लगाने के फरमान का सफाई कर्मचारियों ने विरोध किया है। इस मामले को लेकर नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर कर्मचारी 9 अप्रैल को डीएमसी से मिलेंगे और उन्हें मांग पत्र के अलावा आंदोलन को लेकर नोटिस दिया जाएगा। यह निर्णय मंगलवार को फतेहाबाद नगरपरिषद कार्यालय में नगरपालिका कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक में लिया गया। बैठक में भूना, रतिया, जाखल, टोहाना व फतेहाबाद इकाई के प्रधान, सचिवों व सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इसके बाद नगरपरिषद प्रांगण में फतेहाबाद इकाई द्वारा विरोध गेट मीटिंग की भी की गई। मीटिंग की अध्यक्षता इकाई प्रधान विजय ढाका ने की व संचालन ओमप्रकाश लोट ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए इकाई प्रधान विजय ढाका, सचिव ओम प्रकाश लोट, कोषाध्यक्ष वीरू रत्ति ने बताया कि सरकार नगरपालिका कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। सफाई कर्मचारियों का वेतन 27 हजार रुपये करने की घोषणा को अब तक लागू नहीं किया गया है। इसके उलट सरकार ने कर्मचारियों को प्रताड़ित करने के लिए एसडब्ल्यूएम पोर्टल पर सफाई कर्मचारियों की हाजरी लगाने का फरमान जारी कर दिया है। सरकार का यह फरमान कर्मचारी विरोधी है और कर्मचारी संघ इसका डटकर विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि संघ ने निर्णायक आंदोलन करके फरवरी 2023 में सफाई कर्मचारियों को पक्का करने का पत्र जारी करवाया था जिसे बीते 2 वर्ष से भी अधिक समय बीत चुका है, लेकिन इसे अभी तक लागू नहीं किया गया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि संघ बीते कई वर्षों से शहर की बढ़ती आबादी व क्षेत्रफल को देखते हुए नए पद सर्जित करवाने की मांग कर रहा है लेकिन नगर परिषद प्रशासन तो इन्हीं कर्मचारियों से सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, रात्रि सफाई जैसे बेगार करवा रहा है। संघ मांग करता है इस तरह के कार्यों के लिए अलग से कर्मचारी लगाए जाए व ठेके पर लगे कर्मचारियों को साप्ताहिक छुट्टी व समय पर वेतन दिया जाए। गेट मीटिंग मे सत्यवान टांक, नरेश राणा, राजा राम चौहान, पवन चिंडालिया, ओम प्रकाश झलनिया, अमित गिल, धीरज घोघलिया, किरण, रंजना सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ 11 को

**सिरसा।** नोहरिया बाजार की गली गोलछांवाली स्थित श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में चैत्र सुदी पूर्णिमा हनुमान जन्मोत्सव पर 11 अप्रैल शुक्रवार को श्री सुरदरकांड पाठ एवं कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी बालकृष्ण दायमा ने बताया कि चैत्र मास की पूर्णिमा पर मंदिर परिसर में 11 अप्रैल को रात्रि सवा आठ बजे से श्री सुंदरकांड का पाठ एवं प्रभुइच्छा तक संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल शनिवार को सुबह सवा आठ बजे हवन यज्ञ होगा।

### लाइब्रेरी के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** डिंग मंडी स्थित लाइब्रेरी में पढ़ाई के लिए आए गांव बोदीवाली निवासी युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव बोदीवाली निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि वह डिंग मंडी स्थित लाईब्रेरी में पढ़ाई के लिए आता है। उसने बताया कि बीती 6 अप्रैल की सुबह वह रोजाना की भांति लाइब्रेरी में आया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। शाम को घर जाने के लिए बाइक संभाली तो बाइक गायब मिली।

### राजयोगिनी रतनमोहिनी के निधन पर जताया शोक

**सिरसा।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का अस्वस्थता के बाद मंगलवार को देहावसान हो गया। श्रद्धालु हरभगवान मेहता ने बताया कि उन्हें पिछले दो दिनों पूर्व अस्वस्थता के चलते अहमदाबाद के जायडस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार सुबह अपने भौतिक शरीर का त्याग कर दिया।

### बराला का भगत धन्ना ट्रस्ट करेगा सम्मान

**सिरसा।** आगामी 20 अप्रेल को गांव पालवां (उचाना) में सर्वजातीय दहाडन्न खाप के चबूतरे पर शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में सिरसा से लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला 10 अप्रेल को सिरसा की जाट धर्मशाला में लोगों को संबोधित करेंगे।

### पॉलिटेक्निक में बिल्डिंग मैटीरियल पर सेमिनार

**सिरसा।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक के आर्किटेक्चर विभाग में बिल्डिंग मैटीरियल विषय पर एक शैक्षणिक सेमिनार हुआ जिसमें बांगर सीमेंट गुरप के हरियाणा राज्य मैनेजर सुरेश पुनिया ने बतौर वक्ता शिरकत की।

### गरीब बच्चों को शिक्षित करेगी समाजसेवी संस्था

**सिरसा।** समाजसेवी संस्था शहीद भगत सिंह वेलफेयर ट्रस्ट की एक अहम बैठक हुई जिसमें संस्था के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब बच्चों को शिक्षित करने का निर्णय लिया गया। संस्था के अध्यक्ष दीपक अरोड़ा ने बताया कि जल्द ही ऐसे बच्चों के लिए एक विशेष स्कूल की शुरुआत की जाएगी।

## रोडवेज कर्मचारियों ने भूख हड़ताल कर जताया रोष

# मांगों पर सहमति के बाद भी परिपत्र जारी न होने से कर्मचारियों में रोष

**हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा द्वारा पूर्व में घोषित कार्यक्रम अनुसार किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा द्वारा पूर्व में घोषित कार्यक्रम अनुसार सिरसा डिपो में कर्मचारियों ने 24 घंटे की भूख हड़ताल की। इस मौके पर कर्मचारी नेता पृथ्वी सिंह चाहर, सतबीर कड़वासरा, आत्माराम बैनीवाल आदि ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 23 जून 2023 व 16 जुलाई 2024 की कर्मचारियों की मांगो को जायज मनाते हुए अनेक मांगों पर सहमति जताई थी और उन्हें लागू करने का भरोसा दिया था, लेकिन ा नी गई जायज मांगों के लागू करने के परिपत्र आज तक जारी नहीं किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा हैं। मुख्य मांगों में परिचालक, चालक, लिपिक के वेतनमान की वेतन विसंगति दूर करके ग्रेड पे बढ़ाया जाए। चालक, परिचालकों को सीमित ओवर टाइम देने के आदेश पत्र को वापिस लिया जाए। चालक, परिचालकों को रात्रि ठहराव करने व भुगतना करने के वर्तमान में जारी आदेश को वापिस लेते हुए पूर्व की भांति रात्रि ठहराव देने व भुगतान किया जाए। चालक, परिचालक, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कर्मशाला के कर्मचारियों के देय अर्जित अवकाश कटौती के जारी आदेशों को वापस लिया जाए। वर्ष 2002 में भर्ती हुए चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करके पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए। वर्ष 2016 में सभी प्रकिया पूर्ण उपरांत भर्ती किये गए चालकों को पक्का किया जाए। कई वर्षों से बकाया बोनस का भुगतान शीघ्र किया जाए, एनपीएस स्कीम, एक्सग्रेसिया स्कीम के तहत लगे कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने उपरांत सेवानिवृत्त कार्ड बनाए जाय व इसी प्रकार जीपीएफ स्कीम वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पहचान पत्र से नवे फ्री ट्रैवलिंग अंकित शब्द को हटाया जाए। वर्ष 28 अक्तूबर 2005 से पहले जारी भर्ती प्रकिया के तहत विभाग में भर्ती हुए सभी पदों के कर्मचारियों को सरकार के जारी आदेशों अनुसार उन कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए। वर्ष 2008 में भर्ती हुए जिन परिचालकों, कर्मचारियों का एसीपी 01 जनवरी 2016 से 28 अक्तूबर 2016 के मध्य बनता हैं, उन्हें सरकार के पत्र 8 जून 2020 अनुसार वंचित परिचालकों/कर्मचारियों को एक स्पेशल वेतन वृद्धि दी जाए। राज्य नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार समय रहते कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं का समाधान करें अन्यथा रोडवेज कर्मचारी हड़ताल जैसे बड़े आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



सिरसा। मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे रोडवेज कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की डिपो कार्यकारिणी का विस्तार

**फतेहाबाद।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ कर्मचारियों की मांगों को पूरा करवाने के लिए प्रयासरत है और उनके हकों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। यह बात संघ के राज्य प्रधान जगदीप लाठर ने स्थानीय डिपो में संघ की बैठक को संबोधित करते हुए कही। राज्य वरिष्ठ उप प्रधान कुलदीप पावड़ा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए डिपो कमेटी का विस्तार भी किया गया। इस अवसर पर राज्य प्रधान के साथ राज्य महासचिव चमन स्वामी, राज्य उपप्रधान संदीप रंग मु य तौर पर शामिल रहे। मीटिंग में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि विजय नागपुर डिपो प्रधान अपने पद पर बने रहेंगे। इसके अलावा संजय डाबला को उपप्रधान संदीप भौरिया को वरिष्ठ उपप्रधान भूपेंद्र बामल को सचिव, धर्मपाल रतिया को ऑडिटर, सुरेंद्र चौबारा को केशियर, भजन सिंह को कार्यालय सचिव, राजेंद्र बैजलपुर को मुख्य सलाहकार, रजाक खान को सलाहकार, उग्रसेन एमपी रोही को प्रेस सचिव, हवा सिंह जांगड़ा को प्रेस प्रवक्ता नियुक्त किया। नियुक्त किए गए पदाधिकारियों को सम्मानित कर उन्हें पद की शपथ दिलवाई गई।

## बीमा कालोनी के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



बीमा कालोनी स्थित श्री राम मंदिर।

शहर के बीघड़ रोड, बीमा कालोनी स्थित श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पूरी होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीराम धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के संरक्षक स्वामी विज्ञान प्रेमानंद, स्वामी ब्रह्मानंद ढिंगसरा, पंडित चरण जीत, पूर्व विधायक दुड़ाराम, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के वाइस चांसलर डॉ. बीआर काम्बोज, बरनाला से सोनी बंसल, जयपुर से नीलेश विशेष तौर पर उपस्थित हुए। यह जानकारी देते हुए श्रवण बुडिया ने बताया कि बीमा कालोनी में बनाए गए भव्य राम मंदिर में लगातार सात दिन तक प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें आचार्य गणेश शास्त्री, राकेश शर्मा उर्फ पप्पू पंडित रघुनाथ मंदिर, मनोज शास्त्री गीता मंदिर, रूप चंद शिव मंदिर, चंद्रशेखर मिश्रा गौरी शंकर मंदिर द्वारा प्राण प्रतिष्ठा पूजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य यजमान उमेश गुप्ता, बजरंग व श्रवण बुडिया रहे। बता दें बीमा कालोनी में राम मंदिर का निर्माण कार्य 2022 में शुरू किया गया जो अब पूरा हुआ है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष पूनम नंबरदार, राजकुमार कटारिया, सीता बूडिया, राजकुमार सरदाना, हरीश वर्मा, चंद्रशेखर मिश्रा व अन्य मौजूद रहे।

## सिलेंडर के दाम बढ़ाकर सरकार ने जनता की कमर तोड़ी : प्रजापति

- युवा कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार से बढ़ोतरी के फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग



मुकेश प्रजापति।

**फतेहाबाद।** केन्द्र सरकार द्वारा गैस सिलैण्डरों के दाम में 50 रुपये की बढ़ोतरी किए जाने की कांग्रेस ने कड़े शब्दों में निंदा की है। युवा कांग्रेस नेता मुकेश प्रजापति ने मोदी सरकार के इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार का यह कदम गरीबों की थाली से निवाला छीनने जैसा है। उन्होंने मांग की कि मोदी सरकार महंगाई से त्रस्त जनता को राहत देते हुए तुरंत अपने बढ़ोतरी के फरमान को वापस ले। युवा कांग्रेस नेता मुकेश प्रजापति ने कहा कि 2014 में जब से मोदी सरकार सत्ता में आई है, जनता को लूटने का काम किया है।

## कुम्हारिया में बैनीवाल परिवार ने भांजी की शादी में 35 लाख रुपये का भात भरा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

हरियाणा तथा राजस्थान में भात भरने की परंपरा काफी पुरानी है। बहन के बच्चों की शादियों में भाइयों द्वारा रस्म के तौर पर भात यानि मायरा भरा जाता है। इसी कड़ी में क्षेत्र के गांव कुम्हारिया में बैनीवाल परिवार ने भांजी की शादी में 35 लाख का भात भरा गया। यह भात हरियाणा तथा राजस्थान में चर्चा का विषय बना हुआ है। कुम्हारिया निवासी नरेश कुमार बैनीवाल पुत्र रामस्वरूप कानूनगो ने गांव आनंदगढ में अपनी भांजी की शादी में 21 लाख रुपए नगद 15 तोले सोने के आभूषण और परंपरा के तौर पर वस्त्र व अन्य सामान देकर भात भरा। भात की रस्म के दौरान गांव से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण आनन्दगढ पहुंचे। उनके साथ विधायक भरत सिंह बैनीवाल, पूर्व चैयरमेन रणबीर बैनीवाल, चैयरमेन सूरजभान बुमरा, युवा कांग्रेस नेता संदीप बैनीवाल, सरपंच रुपेश बैनीवाल सहित कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की।



सिरसा। भात की रस्म अदा करते विधायक भरत सिंह बैनीवाल व अन्य।

## मिड डे मील वर्कर्स 12 को करेंगी प्रदर्शन

- यूनियन के प्रतिनिधिमंडल विधायक बलवान सिंह से मिलकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिलेभर की मिड डे मील वर्कर्स द्वारा अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर 12 अप्रैल को फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन किया जाएगा। मिड डे मील वर्कर्स इस दिन प्रातः साढ़े 11 बजे मॉडल टाऊन स्थित पपीहा पार्क में एकत्रित होंगी और सरकार के खिलाफ रोष जताएंगी। इससे पूर्व मिड डे मील वर्कर्स यूनियन का प्रतिनिधिमंडल फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपकर उनकी मांगों को हरियाणा सरकार से पूरा करवाने की मांग की। इससे पूर्व वर्कर्स की मीटिंग को संबोधित करते हुए मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान गगनदीप कौर व सीटू नेता मदन सिंह ने बताया कि मिड डे मील वर्कर्स लंबे समय से अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर आंदोलनरत है लेकिन प्रदेश सरकार उनकी मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। सरकार की बेरूखी को लेकर मिड डे मील वर्कर्स यूनियन द्वारा 12 अप्रैल को पानीपत में अपनी मांगों को लेकर विशाल रैली का आयोजन किया ज रहा है। इसी दिन मिड डे मील वर्कर्स फतेहाबाद में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगी। प्रदर्शन करती हुई वर्कर्स विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया के कार्यालय जाकर उन्हें मांग पत्र सौंपा जाएगा। यूनियन द्वारा मांग की जाएगी कि वर्कर्स का बकाया मानदेय व कटा हुआ मानदेय तुरंत जारी किया जाए। बच्चे कम होने या स्कूल बंद/मर्ज होने पर वर्कर्स को न हटाए जाए व हटाई गई वर्करों को दोबारा काम पर लिया जाए। बच्चे कम होने पर वर्कर को अन्य सरकारी स्कूल में समायोजित किया जाए। वर्कर्स का वेतन न्यूनतम 26 हजार रुपये किया जाए।



फतेहाबाद। मिड डे मील वर्कर्स को संबोधित करते जिला प्रधान गगनदीप कौर।

### ये हैं मुख्य मांगें

इसके अलावा वर्कर्स को सेवानिवृति लाभ देने, वर्दी का भत्ता देने, दुर्घटना में घायल या मृत्यु होने पर मुआवजा देने, स्कूलों में स्वयं सहायता समूह बंद करने, कुक को महीने में 2 अवकाश देने, मेडिकल निःशुल्क करने, 12वीं तक बच्चों को मिड डे मील योजना में लाने व वर्कर्स को पक्का कर ईएसआई व पीएफ में कवर करने की भी मांग उठाई जाएगी।

## ढिंगसरा में स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम आयोजित

- जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरजीता कुमारी ने स्कूल रेडिनेस मेले का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छोटे बच्चों का आंगनबाड़ी केंद्रों व प्ले स्कूलों में नामांकन करवाने के उद्देश्य से गांव ढिंगसरा के प्ले स्कूल में स्कूल रेडिनेस मेले का आयोजन करवाया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरजीता कुमारी ने स्कूल रेडिनेस मेले का दौरा किया और उपस्थितजन को विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली विभिन्न जनकल्याणकारी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना है। ये कार्यक्रम बच्चों को खेल के माध्यम से दक्षता हासिल करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि बच्चे अपनी बातों को बोलने में उत्सुक रहें और गतिविधियों में बढ़-चढक़र शामिल हों। आंगनवाड़ी केंद्र छोटे बच्चों के लिए उपयुक्त होते हैं और स्थानीय समुदाय के साथ जुड़ाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेले के दौरान विभाग द्वारा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित करवाए जाने वाले पोषण पखवाड़ा की भी जानकारी दी गई और शपथ दिलाई गई। आंगनबाड़ी केंद्रों व प्ले स्कूलों में उपलब्ध करवाई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इन आंगनबाड़ी केंद्रों व प्ले स्कूलों में बौद्धिक विकास, भाषा विकास, शारीरिक और रचनात्मक विकास, गणित विकास, सामाजिक विकास तथा स्वास्थ्य और पोषण को लेकर अनेक गतिविधियां आयोजित करवाई जाती है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर जिला समन्वयक बलदेव, वरूण शर्मा, सुपरवाइजर शालु आदि मौजूद रहे।





फतेहाबाद। गांव ढिंगसरा में स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम को संबोधित करती जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरजीता कुमारी। फोटो : हरिभूमि

## गुरुकुल स्कूल में स्वास्थ्य जांचा

- डा. तरसेम सिंह व दंत चिकित्सक सुमित जिंदल की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭रानियां

द गुरुकुल स्कूल रानियां में मंगलवार को प्रेस क्लब द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। यह शिविर क्लब के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह विर्क के पिता स्वर्गीय सुखचैन सिंह की 28वीं बरसी पर लगाया गया। डा. तरसेम सिंह व दंत चिकित्सक सुमित जिंदल की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। कार्यक्रम में रानियां गौशाला के अध्यक्ष संदीप मित्तल व मार्केट कमेटी के सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी सुरेंद्र सैन ने मुख्य अतिथि शिरकत की। सभी वक्ताओं ने बच्चों को समझाया कि खान-पान पर विशेष ध्यान दें। फास्ट फूड से परहेज रखें। भोजन और सोने का समय निर्धारित करें। पर्याप्त नींद लेनी चाहिए और समय पर उठाना और समय पर सोना चाहिए। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ.अमित मेहता, पत्रकार संजय सिंगला, रमेश डावर, भूपेन्द्र सिंह विर्क, संजय सैनी, दीपक मैहता, राजेन्द्र गाबा, नरेश जैन, अमन बंसल व नितिन गाबा उपस्थित थे।



सिरसा। शिविर में बच्चों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## साधकों ने योगाभ्यास किया

- सतगुरु कृपा अपना घर आश्रम में योग शिविर का आयोजन, करवाई विभिन्न क्रियाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नेशनल हाइवे बाईपास पर स्थित सतगुरु कृपा अपना घर आश्रम फतेहाबाद में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा के आदेश अनुसार आयुष समन्वयक डॉ. अजीत के निर्देशानुसार, जिला योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा द्वारा योग सहायकों की टीम के साथ मिलकर योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वृद्ध महिलाओं, पुरुषों व दिव्यांगों को विभिन्न क्रियाएं करवाई गई। योग विशेषज्ञ ने बताया कि आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग द्वारा इस प्रकार के तीन अन्य शिविर लगाए जाएंगे जिसमें गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, विकलांगों और बच्चों को योग लाभ दिया जाएगा।

उन्हें सूक्ष्म क्रियाएं, प्राणायाम, आसन, हास्य क्रिया आदि करवाई जाएगी, जिससे उनका स्वास्थ्य बेहतर होगा और योग के प्रति रुझान होने से एक स्वस्थ समाज की नींव बनेगी। इस शिविर में योग सहायक सुरेंद्र, ज्योति व कविता द्वारा भी उपस्थिजन को योग क्रियाएं करवाई गई।



फतेहाबाद। सतगुरु कृपा अपना घर आश्रम में योग शिविर में योग क्रियाओं का अभ्यास करवाते योग विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा का फतेहाबाद विधानसभा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन

# मोदी सरकार ने लिया विकसित भारत का संकल्प

- सांसद सुभाष बराला ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

भूना रोड स्थित बीजेपी जिला कार्यालय में मंगलवार को फतेहाबाद विधानसभा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व पूर्व विधायक दुड़ाराम ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने की। सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, हरियाणा सरकार में चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा, चेयरमैन वेद फुलां, महामंत्री अशोक जाखड़, जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, जिला परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खिचड़ मौजूद रहे।





फतेहाबाद। सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

### देश में परिवर्तन की लहर चल रही : बराला

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद सुभाष बराला ने भाजपा के संघर्षपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2014 में सत्ता में आई और देश में परिवर्तन की लहर दौड़ गई। जब से भाजपा सरकार बनी है, तब से नए भारत के निर्माण से लेकर विकसित भारत बनाने का सफर जारी है। इस और सफर में भाजपा के एक एक सक्रिय कार्यकर्ता की अहम भूमिका रही है। भाजपा सरकार की कल्याणकारी नीतियों, योजनाओं, साफ नियत और नीति को जन जन तक पहुंचाने और हर चुनाव को सफल बनाने में भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभाते आए हैं।

### कांग्रेस परिवारवाद से ग्रस्त : दुग्गल

पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा परिवारवाद पर टिकी रही है, लेकिन भाजपा आम जनता की सरकार है। यहां छोटे से छोटे कार्यकर्ता को समय आने पर बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी मिलती देखी गई है। पूर्व विधायक दूड़ाराम ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार द्वारा हरियाणा राज्य में विकास कार्यों व उन्नति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बिना भेदभाव के विकास करवाती आई है। भाजपा का उद्देश्य सबका साथ सबका विकास रहा है।